अभ्यास # 1

A. बहुचयनात्मक प्रकार के प्रश्न

Q.1 ग्लोमेरूलर निस्यंद में उपस्थित आवश्यक पदार्थों का अवशोषण होता है -
(A) बोमेन सम्पुट में
(B) दूरस्थ कुण्डलि नलिका में
(C) हेनले पाश में
(D) समीपस्थ कुण्डलित नलिका में

Q.2 अमीबा में संकुचनशील रिक्तिका का कार्य है -
(A) भ्रमण (B) अन्तर्ग्रहण
(C) पाचन (D) परासरणनियमन

Q.3 टेनिन एकत्रित होता है -
(A) काष्ट (B) जाइलम
(C) चालनी नलिका (D) A तथा B दोनों

Q.4 प्रत्येक पादप कोशिका में अपशिष्ट पदार्थों के लिये जो स्थान होता है, वह है -
(A) कोशिका द्रव्य (B) केन्द्रीय रिक्तिका
(C) गॉल्जी कॉय (D) लाइसोसोम

Q.5 वृक्क की निस्यंद इकाई है -
(A) मूत्र नलिका (B) ग्लोमेरूलस
(C) मूत्रमार्ग (D) संग्रह नलिका

Q.6 मूत्र की सान्द्रता का नियमन किस हार्मोन की उपस्थिति पर निर्भर करता है -
(A) थायरॉक्सिन (B) थायमोसिन
(C) ADH (D) A तथा B दोनों

Q.7 उत्सर्जन का मतलब है -
(A) अतिरिक्ति मात्रा में उपस्थित पदार्थों का निष्कासन
(B) शरीर के लिये आवश्यक पदार्थों का निर्माण करना
(C) ऐसे पदार्थों का निष्कासन जो शरीर का भाग नहीं है
(D) उपरोक्त सभी

Q.8 युरिकोटेलिक वे जन्तु होते हैं, जो कि अपशिष्ट पदार्थों का निष्कासन _____ के रूप में करते हैं -
(A) यूरिक अम्ल (B) अमोनिया
(C) अमीनों अम्ल (D) यूरिया

Q.9 स्तनी वर्ग के जन्तु नाइट्रोजन का उत्सर्जन करते है -
(A) अमोनिया (B) यूरिक अम्ल
(C) यूरिया (D) अमीनों अम्ल

Q.10 निम्न में से जन्तुओं के किस समूह में उत्सर्जी पदार्थ समान होते हैं ?
(A) कॉकरोच, ऊँट तथा छिपकली
(B) मनुष्य, कुत्ता तथा ऊँट
(C) अमीबा, चींटीं तथा एन्टीलोप
(D) मुर्गा, मछली, मेंढ़क

Q.11 मैल्पीघियन सम्पुट से मूत्र पहले पहुँचता है -
(A) पेट में (B) देहगुहा में
(C) लसिका में (D) मूत्रवाहिनी में

Q.12 उत्सर्जन का कार्य वृक्क के अलावा होता है -
(A) यकृत द्वारा (B) हृदय द्वारा
(C) बड़ी आंत द्वारा (D) त्वचा द्वारा

Q.13 अमोनिया का यूरिया में रूपान्तरण होता है -
(A) वृक्क में (B) फेफड़ों में
(C) यकृत में (D) आंत में

Q.14 बोमेन सम्पुट का कार्य है -
(A) निस्यंदन (B) निष्कासन
(C) चूषण (D) उपरोक्त सभी

Q.15 निम्न में से कौन वृक्क का भाग है ?
(A) पेल्विस या द्रोणी (B) बहिंजंघिका
(C) शेषांत्र (D) हेनले पाश

Q.16 कशेरूकी वृक्क की आधारीय इकाई है -
(A) मूल वाहिनी
(B) नेफ्रॉन
(C) मेल्पीघी सम्पुट
(D) लैंगरहेन्स द्वीप कोशिकाऐं

Q.17 मूत्र में जल की अधिक मात्रा से कौनसा रोग होता है -
(A) यूरिया उत्सर्जन
(B) उदक मेह
(C) मधुमेह
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

अभ्यास # 2

A. अतिलघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

Q.1 उत्सर्जन को परिभाषित करो ?

Q.2 अपशिष्ट पदार्थ क्या है ?

Q.3 उत्सर्जन तंत्र क्या है ?

Q.4 ADH का क्या कार्य है ?

Q.5 मानव वृक्क की इकाई क्या है ?

Q.6 ग्लोमेरूलस क्या है ?

Q.7 मेल्पिघीकाय के भाग बताइये।

Q.8 वृक्क की संरचना का नाम बताइये जिसमें ग्लूकोस का अवशोषण होता है।

Q.9 मूत्रण किसे कहते हैं।

Q.10 बोमेन सम्पुट क्या है ?

Q.11 पादप के उस अपशिष्ट पदार्थ का नाम बताईये जिसका उपयोग औषधी में होता है।

Q.12 मानक शरीर में मूत्र का संचय कहाँ होता है ?

Q.13 रिक्तिका की भित्ती का नाम लिखिये।

B. लघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

Q.14 वृक्क के कार्य बताईये।

Q.15 मनुष्य में निर्मित अपशिष्ट पदार्थों के नाम बताईये।

Q.16 पादपों में निर्मित अपशिष्ट पदार्थों के नाम बताईये।

Q.17 पादप अपशिष्ट पदार्थों का उत्सर्जन कैसे करते हैं ?

Q.18 परानिस्यंदन को समझाईये।

Q.19 स्त्रावण क्या है।

Q.20 मनुष्य में मूत्र निर्माण के विभिन्न चरणों के नाम लिखिये।

Q.21 मानव में मूत्र की सान्द्रता का नियंत्रण किस प्रकार होता है।

C. निबन्धात्मक प्रश्न

Q.22 मनुष्य में उत्सर्जन तन्त्र को समझाईये।

Q.23 वृक्कक अथवा नेफ्रोन की संरचना को चित्र सहित समझाईये।

Q.24 मानव उत्सर्जन तन्त्र का चित्र बनाकर निम्न को नामांकित कीजिये -

(i) वृक्क (ii) मूत्रवाहिनी

(iii) मूत्राशय (iv) मूत्रमार्ग